पाठ्सूत्र सं०-(3)

नाम - छात्राध्यापक दिनांक -

कक्षा - 8 (अ) कालांश - 40 मि०

विषय - हिन्दी व्याकरण

प्रकरण - द्वन्द्व, कर्मधारय, द्विगु समास

उद्देश्य - (1) छात्रों को व्याकरण की सहायता से शुद्ध एवं परिमार्जित भाषा को व्यवहार में लाने के लिए समर्थ बनाना।

(2) छात्रों में नवीन शब्द-निर्माण की क्षमता उत्पन्न करना।

(3) छात्रों में भाषा तथा उसके अंगों - उपांगों की रचना समझने की योग्यता उत्पन्न करना।

(4) उनमें किसी प्रयोग की शुद्धि अथवा अशुद्धि का युक्ति सहित विवेचन करने की क्षमता उत्पन्न करना।

(5) छात्रों को द्वन्द्व, कर्मधारय तथा द्विगु समास का ज्ञान कराना।

पूर्व ज्ञान - छात्र समास की परिभाषा से सामान्य रूप से पूर्व परिचित हैं।

प्राचार्य
मीरा मेमोरियल महाविद्यालय
शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
पाण्डेयपुर, ताखा, बलिया

उन्होंने उसके तीन भेदों को भी पढ़ लिया है।

सहायक सामग्री – लैपटॉप श्यामपट्ट, कक्षा के सामान्य उपकरण।

प्रस्तावना –

छात्राध्यापक निम्न वाक्यों को लैपटॉप श्यामपट्ट पर लिखकर ले जायेगा। इन्हीं वाक्यों की सहायता से प्रस्तावना सम्बन्धी प्रश्न पूँछ जायेंगे।

1- ऊँच-नीच का विचार ही पतन का प्रमुख कारण होता है।
2- मालती खीर-पूड़ी खाती है।
3- रमेश प्रतिदिन टहलने जाता है।
4- राजा दशरथ ने अपने वचन का पालन करने के लिए अपने प्रिय-पुत्र राम को वन भेज दिया था।
5- दशानन लंका का राजा था।
6- राजपुत्र को नीति की शिक्षा अवश्य दी जाती थी।
7- विश्व में सप्त-सिन्धु प्रसिद्ध है।

प्रश्न – ① उपर्युक्त वाक्यों में कौन-कौन से सामासिक पद हैं?

② 'प्रतिदिन', 'दशानन' और राजपुत्र सामासिक पदों में कौन-कौन से समास हैं?

प्राचार्य
मीरा मेमोरियल महाविद्यालय
शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
पाण्डेयपुर, ताखा, बलिया

Page :
Date : / /

3- अन्य सामासिक पदों में कौन से समास हैं ?

उद्देश्य-कथन - आज हम समास के अन्य तीन भेदों का ज्ञान प्राप्त करेंगे और यह देखेंगे कि 'ऊँच-नीच', 'खीर-पूड़ी', 'प्रिय-पुत्र', 'सत्य-विचार', 'चौराहा', 'सप्तसिन्धु' जैसे सामासिक पदों में कौन से समास हैं ?

प्रथम अन्विति -

छात्राध्यापक श्यामपट पर निम्न वाक्य लिखकर सामासिक पद दिखायेगा।

प्रस्तुतीकरण एवं तुलना -

वाक्य - " भाई बहन को प्रेम से रहना चाहिए।

प्रश्न - इस वाक्य में सामासिक पद कौनसा है ?

उत्तर - भाई-~~बहन~~ बहन।

प्रश्न - भाई-बहन का विग्रह किस प्रकार करोगे ?

उत्तर - भाई - बहन।

वाक्य - 'माता-पिता' की आज्ञा का सदैव पालन करो।

प्रश्न - इस प्रश्न में कौन सा सामासिक पद है ?

उत्तर – माता - पिता

प्रश्न – 'माता-पिता' इस सामासिक पद में कौन सा शब्द छिपा हुआ है ?

उत्तर – और

वाक्य – गंगा - यमुना भारत की प्रसिद्ध नदियाँ हैं।

प्रश्न – इस वाक्य में कौन सा सामासिक पद है ?

उत्तर – गंगा - यमुना

प्रश्न – गंगा - यमुना शब्द में सम्बन्ध बताने वाले किस शब्द का लोप हो गया है ?

उत्तर – और।

सिद्धान्त - निरूपण –

① जिस सामासिक पद के बीच में 'और' शब्द का लोप होता है, उसे द्वन्द्व समास कहते हैं। इसमें दोनों पद प्रधान होते हैं, जैसे – सुख - दुःख = सुख और दुःख आदि।

② द्वन्द्व समास वह है जिसमें समस्त शब्द के दोनों पद प्रधान होते हैं, जैसे - ~~दुख - सुख = दुःख और सुख आदि।~~ लेकिन इसके साथ - साथ विग्रह करने पर बीच में 'और' 'या' शब्दों को लगाया जाता है। जैसे रात - दिन = रात और दिन, छोटा - बड़ा = छोटा या बड़ा आदि।

प्राचार्य
मीरा मेमोरियल महाविद्यालय
शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
पाण्डेयपुर, ताखा, बलिया

Page :
Date : / /

प्रयोग - छात्राध्यापक नीचे लिखे वाक्यों को श्यामपट्ट पर लिखकर छात्रों से विषय करवाकर द्वन्द्व समास ढूँढवायेगा ।

वाक्य —
(1) सीता नाचती - गाती है ।
(2) यश - अपयश की चिन्ता मत करो ।
(3) उषा दाल - रोटी खा रही है ।
(4) गुरु - शिष्य में प्रेम होना आवश्यक है ।

द्वितीय अन्विति —

छात्राध्यापक आगे लिखे वाक्यों को श्यामपट्ट पर लिखकर छात्रों से सामासिक पद ढूँढवायेगा ।

प्रस्तुतीकरण एवं तुलना —

वाक्य — 'मृदु- वचन' बोलना सदैव अच्छा होता है ।

प्रश्न - इस वाक्य में कौन सा सामासिक पद है ?

उत्तर - 'मृदु- वचन' ।

प्रश्न - 'मृदु' शब्द व्याकरण की दृष्टि से क्या है ?

उत्तर - विशेषण ।

प्रश्न - 'मृदु' शब्द किसकी विशेषता बताता है ?

उत्तर - 'वचन' शब्द की विशेषता बताता है ।

प्राचार्य
मीरा मेमोरियल महाविद्यालय
शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
पाण्डेयपुर, ताखा, बलिया

Page :
Date : / /

सिद्धान्त निरूपण –

जब कोई सामासिक पद 'विशेषण' और 'विशेष्य' से बनता है तो उसे कर्मधारय समास कहते हैं। जैसे – मृदुवचन, पीत पट।

4 प्रयोग – छात्राध्यापक नीचे लिखे वाक्यों में से छात्रों द्वारा कर्मधारय समास ढूँढवायेगा।

वाक्य – ① श्री कृष्ण पीताम्बर पहने हुए थे।
② नील-गगन में चन्द्रमा निकल रहा है।

तृतीय अन्विति – छात्राध्यापक श्यामपट पर निम्नलिखित वाक्य लिखकर छात्रों से सामासिक पद ढूँढवायेगा –

प्रस्तुतीकरण एवं तुलना –

वाक्य – कबीर एकेश्वरवादी थे।

प्रश्न – इस प्रश्न में कौन सा सामासिक पद है?

उत्तर – एकेश्वर।

प्रश्न – एकेश्वर किन शब्दों के मेल से बना है?

उत्तर – एक + ईश्वर।

प्राचार्य
मीरा मेमोरियल महाविद्यालय
शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
पाण्डेयपुर, ताखा, बलिया

Page :
Date : / /

प्रश्न — इसमें प्रथम पद व्याकरण के अनुसार क्या है ?

उत्तर — संख्यावाचक विशेषण।

सिद्धान्त निरूपण — जिस सामासिक पद में प्रथम पद संख्यावाचक विशेषण होता है, उसे द्विगु समास कहते हैं इसमें उत्तर पद प्रधान होता है जैसे — चौराहा, त्रिलोकी आदि।

प्रयोग —

छात्राध्यापक निम्न वाक्यों को श्यामपट्ट पर लिखकर छात्रों से विग्रह सहित द्विगु समास करवायेगा —

① आकाश में नवग्रह होते हैं।
② ईश्वर को त्रिलोकेश्वर भी कहते हैं।
③ भारत का राष्ट्रध्वज तिरंगा है।

मूल्यांकन —

① जब दो शब्दों के बीच 'और' शब्द का लोप हो तो वहाँ कौन सा समास होता है ?
② द्विगु समास का एक उदाहरण बताओ।
③ 'नीलाम्बर' शब्द का विग्रह करो और यह बताओ कि यह कौन

Page :
Date : / /

सा समाप्त है ?

गृहकार्य ___

अपनी पाठ्य- पुस्तक के प्रथम दो अध्यायों में आये हुए सामासिक पदों को छाँटो और उनका विग्रह करो ।

SK
21/09/2020

प्राचार्य
मीरा मेमोरियल महाविद्यालय
शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
पाण्डेयपुर, ताखा, बलिया